सं०सं०–17/एफ 1–37/2020

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

एस0 एस0 पाण्डेय,
विशेष कार्य पदाधिकारी

सेवा में,

अध्यक्ष,
महात्मा बुद्ध वेलफेयर एण्ड एजुकेशन ट्रस्ट,
पत्राचार का पता–ग्राम–बहरवन्नी, पिपरा दोदराज,
पो0–नोनपुर, जिला–बेगूसराय, पिन कोड–851112

पटना, दिनांक :– / /2021

विषय :– **जी0एम0 कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बहरवन्नी, बेगूसराय को डी0 फार्म एवं बी0 फार्म पाठ्यक्रम संचालन हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अध्यक्ष, महात्मा बुद्ध वेलफेयर एण्ड एजुकेशन ट्रस्ट, बेगूसराय के पत्रांक–MBWET/2020/125 दिनांक–11.05.2020 द्वारा उक्त ट्रस्ट द्वारा प्रस्तावित संस्थान जी0एम0 कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बहरवन्नी, बेगूसराय में डी0 फार्म एवं बी0 फार्म पाठ्यक्रम संचालन हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने का अनुरोध किया गया था।

इस परिप्रेक्ष्य में संस्थान के स्थल निरीक्षण हेतु विभागीय आदेश सं0–1169(17) दिनांक–15.12.2020 द्वारा चार सदस्यीय जाँच समिति का गठन किया गया था।

जाँच समिति के प्रतिवेदन के आधार पर बिहार चिकित्सा शिक्षा संस्था (विनियमन और नियंत्रण) (संशोधन) विधेयक, 1993 द्वारा प्रदत्त शक्तियों तथा निहित प्रावधानों के अधीन महात्मा बुद्ध वेलफेयर एण्ड एजुकेशन ट्रस्ट, बेगूसराय द्वारा प्रस्तावित संस्थान जी0एम0 कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बहरवन्नी, बेगूसराय को फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इंडिया (PCI) के विनियमों/मानकों/प्रावधानों के शर्त्ताधीन सत्र–2020–2021 से डी0 फार्म पाठ्यक्रम के 60 सीटों एवं बी0 फार्म पाठ्यक्रम के 60 सीटों पर नामांकन हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र (No Objection Certificate) अगले आदेश तक प्रदान किया जाता है।

विश्वासभाजन

ह0/–

(एस0 एस0 पाण्डेय)

विशेष कार्य पदाधिकारी

ज्ञापांक :–17/एफ 1–37/2020 - 314 (17) **पटना, दिनांक :–** 10/3/2021

प्रतिलिपि:– निदेशक, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली–110070/निबंधक–सह–सचिव, फॉर्मेसी कॉउन्सिल ऑफ इंडिया, NBCC Centre 3rd Floor, Plot NO.2, Community Centre Maa Anandamai Marg, Okhla Phase-1, Landmark- (Near Hotel Crowne Plaza) New Delhi-110020 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि:– परीक्षा नियंत्रक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना/प्राचार्य, राजकीय फॉर्मेसी संस्थान, अगमकुआँ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि:– माननीय मंत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/प्रधान सचिव के आप्त सचिव/अपर सचिव (श्री कौशल किशोर) के आप्त सचिव/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–01 एवं 17, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि:– आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

ह0 10/03/2021

विशेष कार्य पदाधिकारी

D/Raunush sir/Letter